

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ऊधमसिंह नगर में चार कोरोना पॉजिटिव मिलने से हड़कंप

**संवाददाता** ऊधमसिंहनगर। प्रदेश में ऊधमसिंह नगर में चार कोरोना वायरस कोविड–19 के संक्रमितों के मिलने से जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस अवसर पर प्रदेश में कोरोना वायरस कोविड–19 संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 67 तक पहुंच गई है। यहां मिली जानकारी के अनुसार चार नये पॉजिटिव केस आने के बाद ऊधमसिंह नगर जिला प्रशासन में हडकम्प मच गया है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में यह स्थिति और भयावह हो सकती है।

### उक्रांद ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल द्वारा राज्यपाल उत्तराखंड को जिला प्रशासन देहरादून उप जिलाधिकारी सदर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। राज्यपाल को ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार को दिशा निर्देश दे कि जो प्रवासी उत्तराखंडी वापसी कर रहे हैं जोकि लगभग 05 लाख के अनुमान माना जा रहा है इन सभी के लिये सरकार रोजगार की सहूलियतें उपलब्ध करवाए, जिसमें लघु कुटीर उद्योगों एवं अन्य स्वरोजगार के लिये सरल बैंकिंग ऋण दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोरोना से जंग में जरूरतमंदों की सहायता कर रहे बच्चन सिंह रावत

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में रेहने के बावजूद भी समाज सेवी उद्योगपति बच्चन सिंह रावत अपने उत्तराखण्ड को नहीं भूले, मूलरूप से ग्यारह गांव हिन्दाव, टिहरी गढ़वाल निवासी, बच्चन सिंह रावत, मसीहा बनकर कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी की जंग में जरूरतमंद लोगों की सहायता कर रहे हैं। टिहरी गढ़वाल के दूरस्थ क्षेत्र जहां पहुंच पाना बहुत मुश्किल है वह जरूरतमंदों को राशन उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं। बच्चन सिंह रावत बदहाल सड़कों की व्यवस्था साथ ही ऊबड़ खाबड़ रास्तों के होते हुए भी गंगी गांव, उरड़ी पिन्स्वाड़ में खाद्य सामाग्री का वितरण किया।

### बीएमडब्ल्यू 8 सीरीज के दो नए अवतार अब भारत में

**संवाददाता** देहरादून। नंबर 8 सदैव से समाहित करता आ रहा है कि एक ड्रीम कार का क्या मतलब है। बीएमडब्ल्यू के दो सर्वाधिक लक्जुरियस मॉडल–पहली बीएमडब्ल्यू 8 सीरीज ग्रान कूपे एवं पहली बीएमडब्ल्यू एम 8 कूपे आज भारत में लॉन्च किए गए। दोनों ही मॉडल सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स से ऑर्डर किए जा सकते हैं। ड्रीमकार की विरासत को अघगे करते हुए पहली बीएमडब्ल्यू 8 सीरीज ग्रानकूपे हर वादे पर खरी उतरती है। यह चार पैसेंजर्स के लिए स्पोर्ट्स कार है।

## कोरोना से लड़ाई में व्यवधान पैदा कर रही कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा है कि एक तरफ देश प्रदेश और दुनिया कोरोना महामारी से कठिन लड़ाई लड़ रही है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस इस लड़ाई में सहयोग करना तो दूर बेतुके बयान देकर व्यवधान डालने का प्रयास कर रही है। यहां जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह द्वारा प्रधानमंत्री रिलीफ फंड व मुख्यमंत्री राहत कोष आदि पर बयानबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही। उन्होंने कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री रिलीफ फंड व मुख्यमंत्री राहत कोष का हिसाब मांगने पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पहले यह तो बताएं कि कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी ओर से और पार्टी की ओर से कितनी राशि इन कोषों में दी गई है। इससे बड़ा मजाक और क्या होगा कि जो जनता के लिए चार आने तक की मदद नहीं कर रहे हैं वे हिसाब मांग रहे हैं। लेकिन जनता जो इसमें लगातार सहयोग कर रही है उसका भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि जहां तक राशन का सवाल है तो पूरे प्रदेश में राशन वितरण किया जा रहा है। लेकिन अपने शासन काल में राशन के बड़े–बड़े घोटाले कर चुकी कांग्रेस नेता जब बिना आधार राशन में गड़बड़ की बात करते हैं तो वे खुद ही हास्य के पात्र बन जाते हैं।

# 8 मई की रात तक 23794 प्रवासी पहुंचे उत्तराखण्ड

## राज्य सरकार ने ट्रेन के लिए 50 लाख एडवांस जमा कराया

**जानकारी**

**संवाददाता**

देहरादून। 08 मई की सांय तक विभिन्न राज्यों से 23794 प्रवासियों को उत्तराखण्ड लाया जा चुका है। इनमें हरियाणा से 11482, चण्डीगढ़ से 4838, उत्तर प्रदेश से 3526, राजस्थान से 2409, दिल्ली से 482, पंजाब से 327, गुजरात से 319 और अन्य राज्यों से 411 लोगों का लाया गया है। शनिवार को मीडिया सेंटर, सचिवालय में प्रेस ब्रीफिंग में सचिव शैलेश बगोली ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक अन्य राज्यों से उत्तराखण्ड आने के लिए 179615 लोगों ने आनलाईन पंजीकरण कराया है। उत्तराखण्ड के एक जनपद से दूसरे जनपद में जाने वालों की कुल संख्या 34886 है। उत्तराखण्ड से अन्य राज्यों को जाने के लिए 21717 लोगों ने आनलाईन पंजीकरण कराया है। इनमें से 6378 लोगों को भेजा जा चुका है। श्री बगोली ने कहा कि बाहर से प्रवासियों को लाने की प्रक्रिया नियोजित तरीके से होती है। इसमें जिलों में एक दिन में कितने लोगों की व्यवस्था हो सकती है, उसके आधार पर टाईमटेबल बनाया जाता है। उसी के आधार पर लोगों को लाया जा सकता है। जिन लोगों ने भी आने के लिए पंजीकरण कराया है, उन सभी को लाने के लिए राज्य सरकार व्यवस्थाएं कर रही हैं। परंतु इसमें मेडिकल जांच, सोशल डिस्टेंसिंग, क्वारेंटाईन आदि तमाम तरह की सावधानियां भी बरतनी हैं।

सचिव शैलेश बगोली ने कहा कि सूरत, अहमदाबाद, पुणे, बैंगलोर आदि स्थानों से प्रवासियों को लाने के लिए ट्रेन के लिए भी बात हुई हैं। राजस्थान से भी ट्रेन की बात चल रही है। उत्तराखण्ड के प्रवासी लोगों को लाने के लिए ट्रेन, बस का व्यय उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। रेलवे के पास 50 लाख रूपए एडवांस के तौर पर जमा भी कर दिया गया है। अभी तक 8 ट्रेन का अनुरोध किया हुआ है। इसका प्लान किया जा रहा है। कतिपय मीडिया में एक निश्चित दिनांक को ट्रेन चलने की खबर के बारे में पूछे जाने पर श्री बगोली ने बताया कि यह समाचार सही नहीं है। अभी कोई तिथि तय नहीं हुई है। जल्द ही रेल मंत्रालय और संबंधित राज्य सरकार से समन्वय कर ट्रेन से प्रवासियों को लाने का भी टाईमटेबल बना दिया जाएगा। जैसे ही तिथि तय हो जाएगी, संबंधित प्रवासियों को एसएमएस के माध्यम से सूचित कर दिया जाएगा।

### औसत रिकवरी टाईम 16 दिन

निदेशक, एनएचएम श्री युगल किशोर पंत ने बताया कि कोविड–19 के संबंध में शनिवार को 221 सेम्पल की रिपोर्ट आई है, इनमें से 04 पॉजिटिव केस हैं। ये चारों लोग ऊधमसिंहनगर की सीमा पर पुलिस द्वारा पकड़े गए थे। पकड़ते ही उन्हें संस्थागत क्वारेंटाईन रखा गया था। इनमें 02 महाराष्ट्र, 01 गुजरात व 01 हरियाणा से आ रहे थे। पंत ने बताया कि राज्य में पॉजिटिव केस की दर 0.76 प्रतिशत है। रिकवरी रेट 69 प्रतिशत है जो कि राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। हमारे यहां औसत रिकवरी टाईम 16 दिन है। हमारी फेटैलिटी (मृत्यु) रेट 1.49 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय दर 3.32 है। आज 04 पॉजिटीव केस आने से हमारी डबलिंग रेट 38 दिन है।

# कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किया जाना चिंतनीय

**धरना**

■ पूर्व मंत्री सहित अन्य कांग्रेसियों के खिलाफ मुकदमे के विरोध में कांग्रेस का सांकेतिक धरना

देहरादून। **संवाददाता**





प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ सहित अन्य कांग्रेसजनों के खिलाफ भाजपा नेताओं के इशारे पर झूठे मुकदमें दर्ज किये जाने व उत्पीड़न किये जाने के विरोध में कांग्रेस के नेताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ सांकेतिक रूप से धरना दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कांग्रेस नेताओं का उत्पीड़न सहन नहीं किया जायेगा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं पर दर्ज सभी झूठे मुकदमें तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने की मांग की गई। इस अवसर पर सामाजिक दूरी का पालन किया गया।

राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए धरने पर बैठ गये। प्रीतम सिंह ने कहा है कि प्रदेश में एक ओर जहां कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी फैली हुई है और ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं पर जबरन झूठे मुकदमें दर्ज किये जा रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस प्रकार के उत्पीड़नात्मक कार्यवाही का पुरजोर तरीके से विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर कांग्रेस नेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड, अरूण तनेजा एवं उनके साथियों के खिलाफ आपदा प्रबन्धन अधिनियम की संगीन धाराओं में झूठे मुकदमे दर्ज किये जाने की कड़े शब्दों में निन्दा की है।

प्रीतम सिंह ने कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड़ एवं किच्छा नगर अध्यक्ष अरूण तनेजा के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिये जाने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर राज्यभर में कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं जिसकी कांग्रेस पार्टी निन्दा करती है।

### आर्थिकी एवं आजीविका को गठित उपसमिति की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार को सचिवालय में कृषि एवं उद्यान मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में कोविड–19 के आर्थिक दुष्प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रों में आर्थिकी एवं आजीविका को पुनः स्थापित किए जाने हेतु गठित उपसमिति की प्रथम बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध अन्य क्षेत्रों में उत्तराखण्ड की आर्थिकी को सुधारने, लोगों को आजीविका उपलब्ध कराने सम्बन्धी एवं कोविड–19 के कारण घर वापस लौटे लोगों को भी स्वरोजगार से जोड़ने जैसे विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्य मंत्री रेखा आर्या, उच्चशिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश, सचिव अमित नेगी, आर मीनाक्षी सुन्दरम एवं श्रीमती सौजन्या भी उपस्थित थीं।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।